# कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण

(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)

**एपीडा-टीएफडी/30/2026-टीएफडी**
**दिनांक: 27.08.2026**

**विषय: गल्फूड, 15–19 मार्च 2027, दुबई, संयुक्त अरब अमीरात**

प्रिय निर्यातक,

गल्फूड विश्व का सबसे बड़ा खाद्य एवं आतिथ्य क्षेत्र का व्यापारिक आयोजन है, जो खाद्य क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों को नवीनतम उत्पादों की जानकारी प्राप्त करने, बाजार के रुझानों का विश्लेषण करने, वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं से मिलने तथा नए सहयोग एवं साझेदारियों के अवसर तलाशने का अवसर प्रदान करता है। यह आयोजन विश्वभर के हितधारकों को संवाद एवं विचार-विमर्श के लिए एक मंच प्रदान करता है। साथ ही, प्रदर्शनी एवं प्रदर्शन के माध्यम से खाद्य एवं पेय उद्योग, खाद्य सेवाओं, आतिथ्य उपकरण तथा रेस्तरां एवं कैफे क्षेत्रों में नए रुझानों और विकास के बारे में जानकारी प्राप्त करने का अवसर भी उपलब्ध कराता है।

एपीडा, गल्फूड 2027 में साझेदार देश (Partner Country) के रूप में अपनी भागीदारी  कर रहा है। यह आयोजन 15–19 मार्च 2027 तक दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शनी को भारतीय खाद्य उत्पादों के प्रदर्शन के लिए आकर्षक एवं सौंदर्यपूर्ण रूप से तैयार किया जाएगा। एपीडा/भारत मंडप में लगभग 150 निर्मित स्टॉल होंगे, जिनमें प्रत्येक स्टॉल का आकार 9 वर्ग मीटर या स्थान की उपलब्धता के अनुसार उसके गुणज में होगा।

एपीडा अपने पंजीकृत सदस्य निर्यातकों से गल्फूड 2027 में एपीडा/भारत मंडप के अंतर्गत भागीदारी हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदन के लिए लिंक निम्नलिखित है:
https://itrack.apeda.gov.in/mda/NewTradeFairApplication.aspx?RequestID=16017848

इस आयोजन में भागीदारी हेतु प्राप्त अनुरोधों पर 30 सितंबर 2026 तक विचार किया जाएगा।

किसी भी प्रश्न या स्पष्टीकरण के लिए आप अधोहस्ताक्षरी से संपर्क कर सकते हैं: vinitas@apeda.gov.in ; डॉ. सी.बी. सिंह, उप महाप्रबंधक (DGM) ई-मेल: cbsingh@apeda.gov.in ; श्री वोहैब आलम, बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर, एपीडा, संपर्क: 9873215723 ई-मेल: yppr@apeda.gov.in

धन्यवाद।

भवदीया,

**-/-हस्ताक्षरित**

विनीता सुधांशु
महाप्रबंधक (General Manager)

किसी भी भ्रम अथवा संदेह की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण मान्य होंगे |